भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1523

जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2022 को दिया जाना है।

07 श्रावण, 1944 (शक)

ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान करने के लिए जागरूकता अभियान

1523. श्री सतीश चंद्र दूबे :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कोई जागरूकता अभियान शुरू किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) और (ख) : ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ पूरे देश में डिजिटल भुगतान के संबंध में जागरूकता बढ़ाने हेतु अनेकों उपाय किए गए हैं। ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने हेतु सरकार द्वारा प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान की शुरुआत के अंतर्गत, कम से कम पांच डिजिटल भुगतान लेनदेन को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के पश्चात, 3.91 करोड़ से अधिक व्यक्तियों को डिजिटल भुगतान संबंधी उपयोग के विभिन्न प्रकार में प्रशिक्षित और प्रमाणित किया गया है। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम डिजिटल भुगतान के संबंध में जागरूकता का प्रसार करने हेतु बैंकों तथा विभिन्न सरकारी संस्थानों के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित करता है।

इसके साथ ही, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वित्तीय साक्षरता केंद्रों (दिसंबर 2021 तक 1,495 केंद्र) के माध्यम से माह में दो बार और ग्रामीण शाखाओं के माध्यम से मासिक आधार पर डिजिटल भुगतान संबंधी शिविर आयोजित किए जाएं। इसके अतिरिक्त, ब्लॉक स्तर पर स्थापित वित्तीय साक्षरता केंद्र (जुलाई 2022 तक 1,112 केंद्रों) द्वारा डिजिटल भुगतान संबंधी जागरूकता का प्रसार किया जाता है। आरबीआई की "डीजीसाथी" (www.digisaathi.info; हेल्पलाइन 14431 और 18008913333) उपयोगकर्ताओं को प्रासंगिक सूचना उपलब्ध करते हुए डिजिटल भुगतान उत्पादों और सेवाओं के उपयोग में सहायता प्रदान करती है।

******